हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 25 दिसंबर 2023
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

4 हापा पोरबंदर के बजाय जनशताब्दी एनांउसमेंट, यात्री होते रहे परेशान



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मो. - 8839281593, 9174881569, 8839223047, 9111656244

अतिशीघ्र आवश्यकता है
20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल :- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भर्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला. भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल:-76972-12782

## जिले के 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का किया जाएगा भुगतान

# धान उपार्जन प्रोत्साहन योजना के तहत बकाया बोनस राशि का भुगतान होगा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- विधायक रायमुनी भगत व गोमती साय होंगी मुख्य अतिथि
- कलेक्टर ने विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समितियों के माध्यम से तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा उपार्जित धान पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान जिले के आठों विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें जशपुर विकासखंड में कलेक्टोरेट मंत्रणा कक्ष, मनोरा में हाई स्कूल सभागार, बगीचा में एनआरएलएम भवन, कांसाबेल में मंगल भवन, कुनकुरी में जनपद पंचायत सभागार, दुलदुल में मंगल भवन, फरसाबहार में सामुदायिक भवन एवं पत्थलगांव में इंडोर स्टेडियम हाल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कार्यक्रम स्थल में साफ सफाई, टेंट एवं पंडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साउंड सिस्टम, स्वल्पाहार, प्रमाण पत्र वितरण, हितग्राहियों की उपस्थिति, मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण व्यवस्था, निर्बाध विद्युत एवं इंटरनेट व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कार्यक्रम गरिमामय होना चाहिए, इसे ध्यान में रखते हुए सभी तैयारी समय पर सुनिश्चित कर लें। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षो का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। जिसके तहत जिले में कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि का भुगतान किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के 8 हजार 64 किसानों को 16 करोड़ 14 लाख एवं 2015-16 के 8 हजार 179 किसानों को 18 करोड़ 75 लाख बोनस का लाभ मिलेगा। इनमें वर्ष 2014-15 में जशपुर विकासखंड के 142 किसानों को 35 लाख, दुलदुला विकासखंड के 403 किसानों को 63 लाख, मनोरा के 264 किसानों को 36, बगीचा के 1147 किसानों को 2 करोड़ 18 लाख, कुनकुरी के 657 किसानों को 1 करोड़ 50 लाख, फरसाबहार के 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख, कांसाबेल के 984 किसानों को एक करोड़ 78 लाख और पत्थलगांव के 3469 किसानों को 7 करोड़ 14 लाख की राशि भुगतान की जाएगी। इसी प्रकार वर्ष 2015 16 में जशपुर विकासखंड के 150 किसानों को 42 लाख, दुलदुला विकासखंड के 413 किसानों को 73 लाख, मनोरा के 262 किसानों को 44 लाख, बगीचा के 1231 किसानों 2 करोड़ 65 लाख, कुनकुरी के 628 किस को एक करोड़ 64 लाख फरसाबहार के 999 किसानों को 2 करोड़ 67 लाख, कांसाबेल के 955 किसानों को एक करोड़ 91 लाख और पत्थलगांव के 3541 किसानों को 8 करोड़ 29 लाख राशि का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद करेंगे। जिले में किसानों को विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पात्र हितग्राही कृषकों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि संबंधी प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा।



# कलेक्टर ने पीएम आवास निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने बधरकोना में चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया ।उन्होंने प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया ।इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से भी चर्चा की और पीएम आवास को लेकर पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं आप्रारंभ कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनपद सीईओ एवं पीएम आवास जिला समन्वयक को पंचायत में भ्रमण कर पीएम आवास के तहत बन रहे प्रगतिरत और शेष बचे निर्माण कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए और पीएम आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने समझाइस दिया। इस दौरान सीईओ जनपद जशपुर लोकहित भगत, पीएम आवास जिला समन्वयक श्री आशीष, तकनीक सहायक एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### शांतिभवन चर्च जशपुर में क्रिसमस की धूम

**जशपुर।** रायगढ़ रोड स्थित संत एग्नासियूस चर्च शांति भवन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। रात 12 बजे ईसा मसीह का जन्मोत्सव सुरू होगा। मसीही समाज के धर्मावलंबी सैकड़ों की संख्या में रात को एकत्र होकर ईसा मसीह का जन्मोत्सव मनाएंगे।

### नेताम के कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे रायपुर

**रामानुजगंज।** भाजपा नेता रामविचार नेताम को साय मंत्रिमंडल में जगह मिलने पर रामानुजगंज क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। राम विचार नेताम को कैबिनेट में जगह मिलने के खबर मिलते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वही काफी संख्या में कार्यकर्ता रायपुर उनके निवास पहुंचे। इस दौरान भाजपा मंडल रामानुजगंज के मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अशर्फ़ी यादव, राजकुमार यादव, संतोष यादव, इरफान अंसारी, पवन कश्यप, बीरबल सरूता, कृपा शकंर गुप्ता, विजय सिंह, कृष्णा गुप्ता, बिनोद गुप्ता, राहुल सोनी, सुनील कुशवाहा, संजीत कुशवाहा, सरजु मझवार, विजय गुप्ता उपस्थित रहे।

### गायन प्रतियोगिता में उड़ जा काले कावां की धूम

**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय में रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच क्रिसमस मना। क्रिएटिव क्लब द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। संगीत प्रभारी सहायक प्राध्यापक देवेंद्र दास सोनवानी के साथ प्रस्तुति में जमकर ठुमके लगाए। प्रतिभागियों ने फिल्मी गीतों पर ताल मिलाया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार गुप्ता और रिया नामदेव ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में अलका इंगोले, वंदना दत्ता थी। इस दौरान आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. आरएन शर्मा, डॉ अलका पांडेय सहित अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सरकारी योजनाओं का किया गया उन्मुखीकरण

**वाड्रफनगर।** उद्योगिनी कार्यक्रम में 283 महिला किसानों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में उद्योगिनी के विवेक त्रिपाठी, इम्माम अंसारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिभागियों को उत्कृष्ट गतिविधि के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा आगामी गतिविधियों की जानकारी दी गई।

# स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सहायता के लिए सीएम निवास बना आशा का केन्द्र

**जशपुरनगर।** बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सहायता के लिए जशपुर सहित प्रदेश के दूसरे जिलों से लगातार जरूरतमंदों द्वारा कॉल किया जा रहा है। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों की तत्काल सहायता के लिए पहल की जा रही है।



बीते 48 घंटे के दौरान सीएम निवास में सहायता के लिए तीन कॉल प्राप्त हुए। पहला सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दोकड़ा निवासी सुखराम मोदी के उपचार के लिए उनके परिजन से सहयोग मांगा था। सीएम निवास ने अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल सुखराम मोदी के उपचार की व्यवस्था की। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया। इस पर घायल को अंबिकापुर तक पहुंचाने और अस्पताल में भर्ती कराने की पूरी व्यवस्था की गई। इसी तरह बाइक से गिर कर घायल हुई फरसाबहार ब्लाक के घिंचा निवासी पद्मावती यादव की हालत गंभीर हो गई थी। चिकित्सकों ने उन्हें फरसाबहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेअंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया था। घायल को अंबिकापुर तक ले जाने के लिए,पद्मावती के परिजनों ने सीएम निवास से संपर्क किया। सीएम निवास की पहल पर,पद्मावती की जान बचाने के लिए तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर अंबिकापुर रवाना किया गया। इसी तरह ऊपरघिंचा निवासी रहमत राम,को घर में गिरने से सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें गंभीर हालत में अंबिकापुर जिला अस्पताल से रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान रहमत की सांस की डोर टूट गई। मृतक को अंतिम संस्कार के लिए रायपुर से फरसाबहार लाने के लिए परिजन ने सीएम निवास से सहायता मांगी।

### अब तक सहायता के लिए 15 कॉल दर्ज

उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया गांव के निवासी और कुनकुरी के विधायक विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते 10 दिनों के अंदर ही बगिया स्थित सीएम निवास में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित सहायता के लिए जशपुर जिला सहित पूरे प्रदेश से 15 कॉल आ चुके हैं। इन सभी काल को गंभीरता से लेते हुए सीएम निवास ने पीड़ितों की सहायता के लिए पुख्ता व्यवस्था कर उन्हें राहत पहुंचाई है।

### स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सख्ती

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदेश के आला प्रशासनिक अधिकारियों की पहली बैठक में ही स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सख्ती दिया था। मुख्यमंत्री साय ने एंबुलेंस सेवा में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सेवा प्रदाता कंपनी को कॉल मिलने के आधा घंटे के अंदर मौके पर पहुंचने के सख्त निर्देश दिया है।

# श्री लक्ष्मी पूजन का समापन, पांच दिनों तक विधि विधान से की गई पूजा अर्चना



**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अघन मास के सुअवसर पर श्री लक्ष्मी पूजन का अनुष्ठान समस्त नगरवासी कोतबा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह आयोजन नगरवासी सार्वजनिक रूप से लगातार 21 वर्षों से करते आ रहे है। जिसमे पहले दिन कोतबा खालपारा स्थिल लक्ष्मी पंडाल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यज्ञ में शामिल होने कोतबा नगरवासी सहित अन्य ग्रामों की महिलाओं व भगत गण सैकडों की संख्या में उपस्थित थे। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस पावन सार्वजनिक लक्ष्मी पूजन महोत्सव मे प्रति दिन हवन पूजन व आरती का भी आयोजन विशेष रूप से किया गया। अघन माह के आखरी गुरुवार तक आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के सभी भक्तगण बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए । वही 5 दिनों तक रोजाना संध्या आरती संगीतमय भव्य महाआरती कर देवी लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती सहित आहूत देवताओं को प्रसन्न किया गया। वही डांस प्रतियोगिता सहित शनिवार को भण्डारा व नाटक का आयोजन भी रखा गया था। जिसमें आसपास के ग्रामीणों ने रात भर मनोरंजन किया। रविवार को माता लक्ष्मी माता सरस्वती सहित भगवान गणेश का पूर्णाहुति यज्ञ कर मूर्ति विसर्जन किया गया। मूर्ति विषर्जन कोतबा के खालपारा से राम मंदिर, परशुराम चौक, बस स्टैण्ड, कारगिल चौक, हाई स्कूल पारा स्थित असुरबन्ध तालाब में 2 किलोमीटर की शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया गया।

# हाईटेंशन तार के 50 से अधिक फंदे लगाकर 3 चीतल का शिकार

**सोनगरा/प्रतापपुर।** हाईटेंशन तार का फंदा लगाकर जंगली जानवरों के शिकार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाईटेंशन तार के फंदे में इंसान से लेकर हाथियों तक की मौत हो चुकी है लेकिन ग्रामीण अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। अब पुनः हाईटेंशन तार का फंदा लगाकर कोटरा सांभर के शिकार का मामला सामने आया है। सोनगरा काशदोहर जंगल में शिकारियों ने तरंगित फंदा लगाकर तीन बड़े चीतलों का शिकार किया। वन विभाग की टीम ने चीतल मांस, अवशेष के साथ ही उनके सिर बरामद किए है। इस मामले में वन विभाग ने अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले वप वन सोनगरा काश दोहर जंगल में कुछ ग्रामीणों द्वारा दो तीन दिनों के भीतर 50 अलग अलग स्थानों पर हाईटेंशन तार से विद्युत चोरी कर तरंगित फंदे का जाल बिछाया गया था। ग्रामीणों द्वारा फंदे ऐसे स्थान पर लगाए गए थे जो जंगली जानवर कोटरा चीतल के आवागमन का मार्ग है। शिकारियों द्वारा लगाए गए फंदे में बीती रात तीन चीतल फंस गए और करेंट के कारण तड़पकर उनकी मौत हो गई। चीतल की मौत के बाद शिकारियों द्वारा जंगल के अंदर ही उनका मांस बनाकर बंटवारा किया गया जबकि कुछ मांस वे जंगल के अंदर ही खाकर पिकनिक मना रहे थे।

# लोयला महाविद्यालय में गैदरिंग व सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम



**जशपुर।** लोयला महाविद्यालय में गैदरिंग एवं सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम 23 दिसंबर को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र खिसतयाग्र से हुई। जिसके मुख्यअतिथि फादर मुक्ति प्रकाश मिंज, भिकर जेनेरल जशपुर डायसिस डॉ.ओस्कर, एस तिर्की, लोयला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.तेलेस्फोर, उपप्राचार्य अलेक्स लकड़ा, फादर सत्यप्रकाश रहें। ख़स्तिम्स गैदरिंग में ग्रुप नृत्य कैरेल की धूम रहीं। विशप रेभ, ग्लैडसन मिंज बंदर चुवा मुख्य अतिथि एवं सिस्टर मेरी कुसुम तिर्की ,संत अन्ना मध्य प्रदेश प्रोविंस के प्रोविंशल विशिष्ट अतिथि रहे।

इसमें हिंदू, मुस्लिम, क्रिश्चियन एवं जैन धर्म के अगुवाओं को विशेष रूप से बुलाया गया था। सभी धर्म के प्रतिनिधि अपने धर्म के सार को बताया। प्रतिनिधि के रूप में हिंदू धर्म से रामअवतार बजाज, मुस्लिम समाज से मोहम्मद सिद्दीकी, जैन धर्म से मनोज जैन ने अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा यीशु सबके उद्धार के लिए जन्म लिए हैं। उन्होंने मानव को ईश्वर के रास्ते चलना सिखाया, क्योंकि वह खुद ईश्वर मनुष्य के रूप में थे । विशिष्ट अतिथि ने ख़स्तिम्स के अर्थ को समझते हुए कहा कि बालक यीशु सत्य प्रेम एवं क्षमा के प्रतीक बनकर दुनिया में आए ।प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर्वधर्म मानव की भलाई चाहती है ।यीशु सभी के पाप को मिटाने आए हैं। गैदरिंग का संचालन विद्यार्थियों के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के संचालन में विजय टोप्पो ,अंजलि कुजूर, विद्या लकड़ा ,ओलिविया खाखा और अर्पित आलोक केरकेट्टा फादर अलेक्स लड़का , प्रोफेसर कंचन केरकेट्टा का विशेष योगदान रहा।

# अनुशासन से रोकी जा सकती है सड़क दुर्घटनाएं

**बलरामपुर।** शुक्रवार को यातायात के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता व सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा द्वारा जिले के अधिकारियों की वर्चुअल समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान सुगम यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा के सम्बंध में सड़क सुरक्षा हेतु किए जा रहे उपायो, आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम, नवाचार, जिले में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एवं की गई कार्रवाई, आईआरएडी-ईडीएआर एप्प में नियमित एंट्री, मोटर अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्रवाई एवं जिले में उपलब्ध यातायात सामग्री-उपकरण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के कार्यों की समीक्षा की गई। मीटिंग दौरान सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात श्री शर्मा ने कहा कि स्व अनुशासन से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

नागरिक स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आईआरएडी-ईडीएआर एप में एंट्री के संबंद्ध समीक्षा करते हुए एप में समय सीमा में एंट्री करने व घटना स्थल पर जाकर फोटोग्राफ, वीडयो ग्राफ अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

## माटीपुत्र विष्णुदेव के सीएम बनने से जशपुर का होगा विकास

# पूरे होंगे मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वायदे: कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कांसाबेल ब्लाक के दोकड़ा और देवरी में संकल्प भारत विकसित यात्रा कार्यक्रम



विष्णुदेव साय को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं जाने से बगिया सहित पूरे जशपुरांचल के लिए गौरव की बात है। जशपुर के माटीपुत्र के मुख्यमंत्री बनने से जशपुर विकास की नई उंचाईयों को छू सकेगा।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने उक्त बातें कही।

वे कासाबेल ब्लाक के देवरी में आयोजित विकसीत भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने पीएम आवास योजना को जानबूझ कर रोक के रखा। इससे पूरे छत्तीसगढ़ के लाखों गरीब, पक्के मकान से वंचित हो गए। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जनादेश मिलने और माटीपुत्र विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेते ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम केबिनेट की पहली ही बैठक से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री साय ने इस बैठक में प्रदेश की 18 लाख परिवारों के लिए पीएम आवास योजना के तहत मजूरी दी है। इसके साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी शुरू हो गई है। वर्ष 2017 और 18 में की गई धान खरीदी की लंबित बोनस राशि भी 25 दिसंबर को दिया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह, दिनेश प्रसाद, गजेंद्र बागे, रवि यादव, एसडीएम बगीचा, सीईओ गुप्ता, सुनीता बाई सरपंच, हीरामति पैंकरा एवं सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पूरी होगी मोदी की हर गारंटी

देवरी में आयोजि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदाताओं को दी गई मोदी गारंटी के सभी वायदे पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ने केबिनेट की पहली ही बैठक में पीएम आवास और इसके बाद प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश देकर मंशा स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन की शुरूआत हो चुकी है। पांच साल तक प्रदेश की विकास को बाधित करने वाली सरकार को जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब छत्तीसगढ़ तेजी से विकास करेगा। पांच साल तक जर्जर सड़क का अभिशाप झेल चुके जशपुर की जनता को इससे मुक्ति दिलाने के लिए शासन प्रशासन तेजी से काम कर रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सभी अधूरे सड़क का निर्माण जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम में सरपंच सुनीता बाई, सत्यनराण सिंह और महामंत्री गजेन्द्र बागे सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 28 को आएंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव

सुनील ने सभी लोगों जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन 28 दिसंबर को होने जा रही है। जिसके लिए सभी लोगों को स्वागत के लिए न्योता दिया ।

### पार्वती इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय, मदनपुर में शुक्रवार को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़, रिले रेस, रस्सी दौड़, मटका दौड़, चम्मच दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, तवा फेंक सहित अन्य खेल स्पर्धाओं में प्रशिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षक और प्रशिक्षार्थियों द्वारा क्रिसमस सेलिब्रेशन के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान सीईओ राकेश तिवारी, बीएड प्रभारी श्रीमती प्रीति सोनी, सहा. प्राध्यापक संतोष कुमार रानाडे, श्रीमती जयमाला सिंह, उपेंद्र कुमार रवि, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती प्रियांशु यादव, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती कंचन सिंह, श्रीमती निशा गुप्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मयंक का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा में



**अम्बिकापुर।** साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ी मयंक मंडल ने 360 में 295 पॉइंट हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। मयंक का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी के सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए किया गया है। मयंक के उपलब्धि पर संघ के संरक्षक लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल, अध्यक्ष शैलेश सिंहदेव, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, दीपक सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सह सचिव एम सिद्धीकी, सचिव राहुल सोनकर एवं सहायक कोच ओम सिंह ने शुभकामनाएं दी है।

### दो दर्जन कोल कर्मचारियों का हुआ तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कोल मुख्यालय द्वारा दो दर्जन कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है,जारी आदेश में ई ए पद के अली साहब रिजवी को भटगांव से बिश्रामपुर, विजय कुमार को सोहागपुर से कुसमुंडा, भवानी सिंह बिस्ट को हसदेव से जोहिल्ला, फिरोज अहमद खान को बिश्रामपुर से भटगांव, जगन्नाथ नंदी को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर, एसके डक्सेना को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर, डीके सिंह को बिश्रामपुर से चिरमिरी, देवराज बिंद्रा को कोरबा से दीपिका, विजय प्रताप सिंह बघेल को कुसमुंडा से दीपिका, एस माथव को दीपिका से हेडक्वार्टर, करनेल सिंह को दीपिका से कुसमुंडा, डीआर जटवार को गेवरा से सीडब्लूएस गेवरा, डोरीलाल साहू को सीडब्लूएस गेवरा से सोहागपुर, संजय कुमार सिंह को चिरमिरी से बैकुंठपुर, तरुण कुमार को हेडक्वार्टर से बिश्रामपुर, सीनियर ओवरसियर मिथलेश कुमार सिन्हा को बैकुंठपुर से बिश्रामपुर, ऐनामूल हक को बैकुंठपुर से कोरबा, राजीव कुमार को बैकुंठपुर से बिश्रामपुर, ओवरसियर सुरेश कुमार वारके को जोहिल्ला से हसदेव, मनहरण सिंह को जोहिला से हसदेव, मोहन सिंह को जोहिला से हसदेव, मनिन्द्र मेहर को हसदेव से जोहिला, अजय कुमार त्रिपाठी को हसदेव से रायगढ़, राहुल तिवारी को रायगढ़ से जोहिला, संज्यूस एक्का को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर तबादला किया गया है ।

### निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी हरभजन सिंह आ. धरमपाल सिंह 21 दिसंबर की शाम अकेले अपने ससुराल ग्राम दुर्गापुर बेवरापारा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार रात 8 बजे रास्ते में निर्माणाधीन पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत पुलिया में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी पुलिया निर्माण कर रहे मजदूर ने फोन कर परिजन को सूचना दी। सूचना पर परिजन ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### विधायक प्रबोध मिंज ने गांवों का किया भ्रमण



**अम्बिकापुर।** विधायक प्रबोध मिंज ने ग्राम कंठी, खाला, कतकालो, सोहगा चौक, लिब्रा, कलगसा, करेंया, ससकालो और किशुननगर का भ्रमण कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया तथा कहा कि भाजपा ने किसानों से किया वादा निभाया है। 25 दिसम्बर को किसानों को 2 साल का बकाया बोनस भुगतान किया जाएगा। किसानों से अब 31 रूपया किलो की दर से 21 क्विंटल एकड़ धान खरीदा जाएगा, जिससे किसानों को प्रति एकड़ 6300 रूपए का लाभ होगा। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क की समस्याओं पर अधिकारियों को ध्यान दिलाया तथा समस्याओं का निराकरण करने निर्देशित किया।

## हर दिन पहुंच रहे 2 हजार से अधिक पर्यटक

# पर्यटकों से गुलजार हुए मैनपाट के पर्यटन स्थल



दलदली का भ्रमण करते पर्यटक।



कार्निवाल स्थल पर पर्यटकों के लिए सजाए गए टेंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दूसरे राज्यों के पर्यटकों की उपस्थिति से लोगों में भारी उत्साह

ठंड बढ़ने के साथ ही छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट की रंगत बदल गई है। मैनपाट के पर्यटन स्थल बाहर के पर्यटकों से गुलजार हो गए हैं। इस बार पर्यटकों की संख्या में हुई बेतहाशा वृद्धि से लोगों ने पर्यटन विकास की उम्मीदें जगी हैं। इस बार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही पड़ोसी राज्यों के पर्यटक भी मैनपाट की ठंड का लुत्फ लेने पहुंच रहे हैं।

मध्य दिसम्बर के बाद मैनपाट की स्थिति बदल जाती है। सूने पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार हो जाते हैं। हाल के वर्षों तक दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में पर्यटकों का आवागमन शुरू होता था। साल के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते थे। पर्यटकों में अधिकांश संभाग मुख्यालय सहित आसपास के लोग होते थे जिनका उद्देश्य परिवार के साथ प्राकृतिक वातावरण में पिकनिक मनाने के साथ पर्यटन स्थल एवं भौगोलिक स्थिति को जाना होता था लेकिन पर्यटन के नक्शे में अपनी जगह बनाने के बाद स्थिति में तेज बदलाव आया है। पिछले पांच-छह सालों से पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पहले मध्य दिसम्बर के बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के पर्यटक पहुंचते थे तथा दिसम्बर के अंत तक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते थे। क्षेत्र में पर्यटन का समय तो नहीं बढा है लेकिन इस साल पर्यटकों की संख्या में बेतहासा वृद्धि हुई है। इस बार हर दिन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से दो हजार से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। इस बार मैनपाट के पर्यटन में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है कि पहली बार कलकत्ता, झारखण्ड, उड़ीसा के झारसुगुड़ा एवं मध्यप्रदेश के शहडोल से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। हाल ही में पर्यटकों की सुविधा के लिए झारसुगुड़ा से मैनपाट तक एक दिन ओड़िसा के 50 से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढने से पर्यटन विभाग के सभी रिसॉर्ट एवं एक दर्जन से अधिक होटल 31 दिसम्बर तक फुल है। स्थानीय लोग अपने घरों में पर्यटकों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था कर कमाई का नया श्रोत विकसित किया है। भविष्य में इसकी संभावनाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में उद्यमी आएंगे।

**नहीं है मनोरंजन की व्यवस्था**

मैनपाट में मनोरंजन की व्यवस्था नहीं है जो पर्यटकों को खल रही है। पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प को आगे लाने की अब तक कोई पहल नहीं की गई है। जनजातिय समाज द्वारा बांस एवं लकड़ी से सामग्रियां पर्यटकों की पसंद बन सकती है। जनजातीय समाज की लोक संस्कृति सहित अन्य उत्पादों के माध्यम से रोजगार के साधन विकसित करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

**भा रहा तिब्बतियों का मोमोच व थुक्पा**

पर्यटन स्थलों के साथ ही पर्यटक तिब्बती संस्कृति को जानने मैनपाट के बौध मंदिरों एवं तिब्बती कैंपो का भ्रमण कर रहे हैं। पर्यटकों को तिब्बती कैंप एक के कैंटीन में बना मोमोच, थुक्पा एवं सभाले खूब भा रहा है। तिब्बती कैंप के कैंटीन में पूरे दिन पर्यटकों की भीड़ बनी रहती है। पर्यटक मैनपाट में उत्पादित टाऊ व बरसाती आलू की फसल की जानकारी ले रहे हैं तथा टाऊ एवं टाऊ के आटे की खरीदी भी कर रहे हैं।

**जगह-जगह लगे टेंट**

उद्यमियों ने पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए विभिन्न स्थानों पर टें की व्यवस्था की है। उद्यमियों द्वारा ग्राम पंचायत पटपरिया, मेहता पाइंट एवं मैनपाट कार्निवाल स्थल पर टेंट लगाए गए हैं। पर्यटक किराया देकर टेंट में ठहर रहे हैं। उद्यमियों द्वारा टेंट में ठहरने वाले पर्यटकों के नाश्ता भोजन सहित अन्य जरूरतों को भी पूरा किया जा रहा है। होटल एवं रिसॉर्ट के आसपास के पर्यटकों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की है। होटल एवं मोटल में जगह नहीं मिलने के कारण पर्यटक घरों में ठहरना पसंद कर रहे हैं। क्षेत्र में पर्यटन के विकास होने से लोगों की कमाई बढ़ गई है। पर्यटन से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने घरों में पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं। क्षेत्रवासी अपने वाहनों को भी किराए पर चला रहे हैं।

# प्राथमिक उपचार का जीवन में विशेष महत्वः अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

आम जीवन में प्राथमिक उपचार का विशेष महत्व है, यदि गंभीर रूप से घायल प्राणी को सामय पर प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचने की उम्मीद काफी हद तक बढ़ जाती है।उक्त बातें एसईसीएल बिश्रामपुर जीएम अजय तिवारी ने स्थानीय एकता स्टेडियम में शनिवार को आयोजित अंतर सह क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से कही, उन्होंने कहा कि हम प्रकृति के विरुद्ध जाकर कोयला खनन करते है जो बहुत ही जोखिम भरा कार्य होता है, इसमें थोड़ी से भी असावधानी होने से दुर्घटना घट सकती है, इसलिए हम सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए खदान में कार्य करना चाहिए। उक्त आयोजित प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न खदानों सहित सेंट्रल अस्पताल रीजनल वर्कशाप के आधा दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया।दिन भर चली प्रतियोगिता के बाद शाम को प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि जीएम अजय तिवारी के अलावा विशिष्ठ अतिथि शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा ममता तिवारी सहित क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित थे।प्रतियोगिता में समस्त परीक्षाओं में आर जी के सब एरिया - टीम ए ,आमगांव सब एरिया टीम- बी व सेंट्रल हॉस्पिटल की टीम सी को विजेता घोषित किया गया।इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन जीएम ने सुरक्षा ध्वज फहरा कर किया जिसके बाद सभी टीमों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता आरंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता में सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सक सीएमओ डॉ वी एन सिंह, डॉक्टर निरंजन,डॉक्टर प्रधान सहित अन्य चिकित्सक बतौर निर्णायक उपस्थित रहे।प्रतियोगिता का आयोजन आमगांव सहक्षेत्र द्वारा किया गया था।इस अवसर पर आमगांव सब एरिया मैनेजर अवधेश झा,एरिया सेफ्टी ऑफिसर वीके गुप्ता सहित अन्य अधिकारी सहित जे सी सी वेलफेयर के सदस्य अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



उपचार विधि का प्रदर्शन करते कर्मी।

# डीएवी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अग्नि सदन ने जीता सम्पूर्ण चैंपियनशिप का खिताब
- अंगिरा सदन बना उपविजेता

डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर में बिश्रामपुर में 22 और 23 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई, इसमें कक्षा एलकेजी से कक्षा बारहवीं तक कुल 650 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बैलून रेस , स्पून पोटैटो रेस, दौड़ ,गोला फेंक, तवा फेंक, लंबीकूद ,ऊंची कूद ,रिले रेस आदि विविध स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि संजय सिंह महाप्रबंधक संचालन एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शुभा पाठक , जे.सी.सी. सदस्यो विश्रामपुर क्षेत्र रहे।अतिथियों के सम्मान में संगीत शिक्षक श्री नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। डीएवी खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह का शुभारंभ डी ए वी गान से किया गया । समापन समारोह के अवसर पर प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के द्वारा आकर्षक जम्बल मार्च पास्ट' किया गया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय समूह नृत्य एवं शिक्षिका अनीता वर्मा के निर्देशन में जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र- छात्राओं द्वारा समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति की सभी ने प्रशंसा की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह, महाप्रबंधक संचालन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चो में कक्षागत शैक्षिक उपलब्धियों के साथ साथ गीत - संगीत , खेलकूद आदि विविध सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच सामंजस्य जरूर होना चाहिए ताकि वे अपना सर्वांगीण विकास कर सके और अपने जीवन पथ सुगम बना सके। विद्यालय प्राचार्य श्री एच. के.पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल के मैदान में हम वह सीखते हैं, जो कक्षा में नहीं सीख पाते हैं। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसीलिए खेल कूद अनिवार्य है। इस दौरान जूनियर बालिका वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब सामाक्षी कुमारी आदित्य सदन ने और जूनियर बालक वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब नैतिक कुमार अग्नि सदन ने हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब संयुक्त रूप से सौम्या कुजूर अग्नि सदन से , रक्षा खत्री आदित्य सदन ने और सीनियर बालक वर्ग वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब साजू सारथी अंगिरा सदन ने जीता। प्रतियोगिता का संपूर्ण चैंपियनशिप का खिताब अग्नि सदन ने जीता औरअंगिरा सदन प्रतियोगिता का उप विजेता बना। आदित्य सदन ने तृतीय स्थान और वायु सदन ने चौथा स्थान हासिल किया। विद्यालय प्राचार्य महोदय एच. के.पाठक के द्वारा खेल प्रतियोगिता के समापन करने की औपचारिक घोषणा के पश्चात खेल मशाल बुझा कर क्रीड़ा ध्वज का अवरोहण किया गया । इस दौरान डी ए वी प्राचार्य , मुख्य अतिथि संजय सिंह, सरफराज फिरदौसी - थाना प्रभारी जयनगर, व डॉक्टर प्रशांत सिंह, शुभा पाठक के द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एल के दास, अध्यापिका शोभा नामदेव एवं छात्राएं अंशु ठाकुर व सृष्टि झा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में एसईसीएल प्रबंधन विश्रामपुर क्षेत्र, स्पोर्ट्स मीट प्रभारी वरिष्ठ खेल शिक्षक श्री पी के वैद्य, क्रीड़ा शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा सहित समस्त अध्यापक- अध्यापिकाओं एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खेल अध्यापक पी के वैद्य एवं खेल शिक्षिका चित्रावती मिश्रा के द्वारा आभार ज्ञापन के पश्चात सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।



**बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने से अभिभावकों को झेलनी पड़ी परेशानी**

दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों के अभिभावक भी काफी संख्या में सुबह से अपने अपने बच्चों के प्रतिभा व खेल प्रदर्शन को देखने स्कूल ग्राउंड पहुंचे थे , इस दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के लिए बैठने के लिए कोई उचित व्यवस्था न करा पाने के कारण मौजूद अभिभावकों को परेशानी का सामना पड़ गया, कई महिलाएं घंटों धूप में खड़े रहकर अपने बच्चों के प्रदर्शन का इतंजार करती दिखी , कुछ समय पश्चात स्कूल प्रबंधन द्वारा मामले को देखते हुए स्कूल की कक्षाओं से बेंच निकलवाकर अभिभावकों के बैठने की व्यवस्था कराई गई।

# तातापानी महोत्सव की तैयारियां शुरू

## कलेक्टर एवं एसपी ने स्थल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

मकर संक्रांति के अवसर पर जिले में लगने वाले प्रसिद्ध मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तातापानी स्थित मेला स्थल में वृहद कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। आज तातापानी महोत्सव मकर संक्रांति पर्व की तैयारी का कलेक्टर रिमिजियस एक्का और एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने मेला स्थल और मंदिर प्रांगण का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मेला स्थल पर चाक-चौबंद व्यवस्था करने के तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। जिले के गर्म जल स्त्रोत तातापानी में हर साल 14 जनवरी के मौके पर संक्रांति पर्व का भव्य आयोजन किया जाता है। यहां पड़ोसी राज्य झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग तातापानी का मेला देखने के लिए पहुंचते हैं। तातापानी में वन विभाग के रेस्ट हाउस के समस्त सुधार कार्य एवं समस्त परिसर की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, अहाता की पोताई, हेलीपेड परिसर में जीर्ण-शीर्ण फेंसिंग का सुधार तथा सड़क किनारे एवं परिसर में स्थित पौधों की साफ-सफाई, ट्री-गार्ड की मरम्मत व पोताई कार्य, तातापानी में स्थित तालाबों एवं कुण्डों की साफ-सफाई, मेला स्थल पर निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



निरीक्षण करते कलेक्टर व एसपी।

# अनुशासन से रोका जा सकता है सड़क दुर्घटनाओं को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

शुक्रवार को यातायात के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता व सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा द्वारा जिले के अधिकारियों की वर्चुअल समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान सुगम यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा के सम्बंध में सड़क सुरक्षा हेतु किए जा रहे उपायो, आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम, नवाचार, जिले में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एवं की गई कार्रवाई, आईआरएडी-ईडीएआर एप्प में नियमित एंट्री, मोटर अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्रवाई एवं जिले में उपलब्ध यातायात सामग्री-उपकरण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के कार्यों की समीक्षा की गई। मीटिंग दौरान सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात श्री शर्मा ने कहा कि स्व अनुशासन से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। नागरिक स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आईआरएडी-ईडीएआर एप में एंट्री के संबंद्ध समीक्षा करते हुए एप में समय सीमा में एंट्री करने व घटना स्थल पर जाकर फोटोग्राफ, वीडयो ग्राफ अपलोड करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की प्रतिमाह बैठक ली जाए व सड़क दुर्घटना नियंत्रण के उपाय एवं दुघर्टनाओं में कमी लाने हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली।

### सर्वेश्वरी समूह ने शिविर में की 353 पहाड़ी कोरवाओं की जांच

**राजपुर।** सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर द्वारा विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी कोरवा बस्ती पतरापारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला स्कूल परिसर के समीप आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का उपचार करने के साथ ही दवाओं का वितरण किया गया। बता दें कि सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर द्वारा 22 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पतरापारा में किया गया था। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 353 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान 91 लोगों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा प्रदान किया गया जबकि शिविर में शुगर के 50 व बीपी के 100 मरीज सामने आए। वहीं शिविर के दौरान पहाड़ी कोरवा आश्रम के बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में समूह द्वारा लोगों को कंबल का भी वितरण किया गया। शिविर में डॉ. प्रीतम राम, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. अर्पण सिंह, डॉ. बी एन द्विवेदी, डॉ. अनुभव सिंह, डॉ. एएन. द्विवेदी, डॉ. सुशील मिश्रा, डॉ. मुकेश सोनी, नेत्र सहायक पंकज ठाकुर, फार्मासिस्ट संतोष कुमार, अभय नारायण, अनुज ठाकुर, प्रवीण चौबे, राहुल जायसवाल, प्रेमा के साथ ही समूह की ओर से व्यवस्थापक समर विजय सिंह तोमर व ग्रामीण मौजूद थे।

## सीतापुर-प्रतापगढ़ से किया जा रहा अवैध उत्खनन व परिवहन

# राजस्व अमले ने रेत लोड चार हाईवा को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही जिला प्रशासन टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज बतौली में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रतापगढ़ सीतापुर से अंबिकापुर जा रही बालू लोड चार हाईवा को जब्त किया।

राजस्व टीम के नयाब तहसीलदार संजय सारथी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में अवैध उत्खनन पर नजर रखी जा रही है। बतौली चौक पर निरीक्षण के दौरान सीतापुर प्रतापगढ़ से चार बालू लोड हाईवा क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 1805, सीजी 15 डी टू 0542, सीजी 15 डी वी 2990, एवं एक नए हाईवा को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया है। चारों हाईवा अंबिकापुर निवासी दीपक अग्रवाल की बताई जा रही है जो लुंड्रा से गिट्टी लोड कर मैनपाट लेकर गया था और वापसी के दौरान सीतापुर प्रतापगढ़ से बिना पीट पास के बालू लोड कर अंबिकापुर लेकर आ रहे थे। अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर राजस्व पुलिस की संयुक्त द्वारा जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान बतौली राजस्व टीम में नायब तहसीलदार संजय सारथी, आरआई धर्मेंद्र दुबे, शिवपूजन तिवारी, पटवारी बुद्धेश्वर एवं अरविंद, आरक्षक राजेश मिंज, देवशरण सिंह, पंकज लकड़ा, राजू कुजूर सहित अन्य मौजूद थे।







### पार्वती इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय, मदनपुर में शुक्रवार को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़, रिले रेस, रस्सी दौड़, मटका दौड़, चम्मच दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, तवा फेंक सहित अन्य खेल स्पर्धाओं में प्रशिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षक और प्रशिक्षार्थियों द्वारा क्रिसमस सेलिब्रेशन के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान सीईओ राकेश तिवारी, बीएड प्रभारी श्रीमती प्रीति सोनी, सहा. प्राध्यापक संतोष कुमार रानाडे, श्रीमती जयमाला सिंह, उपेंद्र कुमार रवि, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती प्रियांशु यादव, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती कंचन सिंह, श्रीमती निशा गुप्ता उपस्थित रहे।



# फिल्म 'मैं अटल हूं' का मास्टरपीस ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी की जीवन यात्रा को लेकर बड़े पर्दे पर पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं आ रही है, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वहीं फैंस इसे मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं एक बार फिर पंकज त्रिपाठी की अदायगी के लोग कायल हो गए हैं। ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे शेयर करते हुए पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जिस नेता को आप जानते हैं, उस आदमी को जिसे आप नहीं जानते। प्रस्तुत है अटल बिहारी वाजपेयी के असाधारण जीवन की एक झलक।

लाइफ Style



# दीपिका

## 1 लाख से अधिक की पहनी मिनी स्कर्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार ऋतिक रोशन स्क्रीन शेयर करते दिखने वाले हैं। फिल्म के टीजर और सॉन्ग्स को फैंस से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते दिन ही फिल्म का दूसरा रोमांटिक गाना 'इश्क जैसा कुछ' आउट हुआ है और इस गाने में एक बार फिर दीपिका का बोल्ड अंदाज देख फैंस उनके मुरीद हो गए हैं, लेकिन उनके आउटफिट की कास्ट जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। न्यू सॉन्ग इश्क जैसा में दीपिका पादुकोण ने मिनी स्कर्ट और ब्रालेट पहनी है। इस ड्रेस में वैसे तो एक्ट्रेस हर आउटफिट में अच्छी लग रही है, लेकिन दीपिका की मेटल की मिनी स्कर्ट और ब्रैलेट तो इस समय टॉक ऑफ द टाउन बन गया है।


दीपिका की पाको रबैन एम्बेलिश्ड मिनी स्कर्ट की ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर कीमत की बात करें तो इस मिनी स्कर्ट की कीमत 1,769 अमेरिकी डॉलर है, लेकिन डिस्काउंट करके ये 1,238 अमेरिकी डॉलर की कीमत पर मिल रही है। भारतीय कीमत के हिसाब से इस मिनी स्कर्ट का प्राइज 1,03,169 रुपए है। सोने-चादी के तार और लटकन ने इस स्कर्ट को काफी खूबसूरत बनाया है। वहीं, प्लंजिंग यू-नेकलाइन ब्रैलेट आपको 753 अमेरिकी डॉलर यानी 62,751 रुपए की कीमत पर मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस शॉपिंग के लिए निकलीं

**एंजेलिस।** हॉलीवुड मॉडल एंड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के चलते चर्चा में रहते हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जो इस समय चर्चा में हैं। दरअसल, ये तस्वीरें उस समय क्लिक की गईं जब हैली वेस्ट हॉलीवुड में बोट्टेगा वेनेटा में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए निकलीं थीं। इन तस्वीरों में हैली का बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है।




# पर्पल जैकेट में रिहाना का स्टाइलिश लुक...

**लॉस एंजेलिस।** पॉप स्टार रिहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में रिहाना की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो इस समय इंटरनेट पर छाईं हुईं हैं। दरअसल, रिहाना बीते दिन फैंटी एक्स पूमा लॉच में पहुंची। इस दौरान उनका स्टाइलिश लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो रिहाना व्हाइट टी-शर्ट टॉप, ब्लू जींस और फर्र वाली पर्पल जैकेट में कमाल की लग रही हैं। मिनिमल मेकअप, ब्लू आईशेडो रिहाना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। हेयरस्टाइल की बात करें तो रिहाना ने अपने बालों को बांध रखा है। इवेंट में रिहाना ने स्टाइलिश अंदाज में पोज दिए।



# कपूर सिस्टर्स ने बेचे करोड़ों के फ्लैट्स


**मुंबई।** बोनी कपूर की बेटियां जाह्नवी और खुशी कपूर सिर्फ इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के तौर पर ही नहीं बल्कि फाइनेन्शियली भी सक्सेसफुल हैं। इंडस्ट्री के अन्य सेलेब्स की तरह ही वो भी प्रॉपर्टी के मामले में काफी सक्रिय हैं। फ्लैट खरीदने से लेकर बेचने तक, दोनों ही बहनें काफी तेज हैं। ऐसे में खबर आई है दोनों बहनों ने मिलकर मुंबई में ही 12 करोड़ के आसपास के चार फ्लैट्स सेल किए हैं। खबर की मानें तो दोनों ही एक्ट्रेस ने अलग-अलग जगहों पर कई फ्लैट्स बेचे हैं। बहनों ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट में लोखंडवाला कॉम्पलेक्स में एक-एक फ्लैट बेचे हैं, जिनकी कीमत 6 करोड़ के आसपास की है। इन फ्लैट्स की रजिस्ट्री 2 नवंबर की बताई जा रही है। इन फ्लैट्स में पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध है।



# अहान का ब्रेकअप, टूटा तानिया संग रिलेशन

**मुंबई।** एक्टर अहान शेट्टी इस समय चर्चा में आ गए हैं। खबरें हैं कि अहान का 11 साल का रिलेशनशिप टूट गई है। खबरों के मुताबिक एक्टर का उनकी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड तानिया श्रॉफ से ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के ब्रेकअप को हुए डेढ़ महीने हो गए हैं। दोनों 11 साल से एक-दूसरे संग रिलेशनशिप में थे। अहान और तानिया बचपन से एक साथ ही पढ़े हैं और फिर एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए थे। लेकिन अब कहा जा रहा है कि कपल के रास्ते अलग हो चुके हैं। हालांकि, अभी तक दोनों के ब्रेकअप की कोई वजह सामने नहीं आई है। वहीं, अहान और तानिया की तरफ से भी इस खबर पर कोई रिएक्शन नहीं आया है। लेकिन लंबे समय से दोनों ने एक-दूसरे के साथ कोई पोस्ट शेयर नहीं किया है। वहीं, अहान और तानिया एक-साथ स्पॉट भी नहीं हुए हैं।

टीवी मसाला



# दिशा ने साझा किया अपना फिटनेस रूटीन

**मुंबई।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस दिशा परमार हाल ही में मां बनी हैं। वह अपनी बच्ची के साथ समय बिता रहीं हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपना फिटनेस रूटीन साझा किया है। डिलीवरी के बाद से एक्ट्रेस अपने आपको फिट रखने की पूरी कोशिश में लगी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह वर्कआउट की झलकियां साझा कर रहीं हैं। एक्ट्रेस मां बनने के बाद खुद को फिट रखने के लिए वह तरह-तरह की एक्सरसाइज और योगा कर रही हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया वह अपने डिलीवरी वर्कआउट को क्रश कर रहीं है। दिशा इसी साल मां बनी हैं। उन्होंने एक नन्हीं सी पारी को जन्म दिया है। वह इस समय मदरहुड का लुफ्त उठाती नज़र आ रही हैं। वे आए दिन अपनी बच्ची की झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस की नन्हीं परी दो महीने से ऊपर की हो गई हैं। इसीलिए अब एक्ट्रेस ने भी अपनी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू कर दिया।

## संदीपा धर ने भारत की सांस्कृतिक भावना का जश्न मनाते हुए रैंप वॉक किया...

**मुंबई।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक छवि के उत्सव में, प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर ने भारतीय शराब ब्रांड के भव्य लॉन्च



कार्यक्रम में उसके लिए वॉक करते हुए मुख्य मंच पर कदम रखा। यह उत्तम व्हिस्की, भारत को परिभाषित करने वाली मनमोहक भावना के प्रति एक श्रद्धांजलि है। सभी भारतीय चीजों के प्रति अपने जुनून के लिए मशहूर संदीपा धर ने लॉन्च का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह व्यक्त किया। उनके अपने शब्दों में, जब से मैं बच्ची थी, मुझ पर पूरी तरह से भारतीय चीजों का जुनून सवार रहा है। चाहे वह पारंपरिक बॉलीवुड नृत्य और संगीत के प्रति मेरा प्यार हो या आधुनिक भारतीय कहानी कहने का शौक हो, मुझे अपनी भारतीयता के हर पहलू का जश्न मनाना पसंद है। इसलिए, यहां भारत के सार का जश्न मनाते हुए स्वाभाविक रूप से बहुत अच्छा लग रहा है।

# बप्पी लाहिड़ी ने एक साल में 180 गाने कम्पोज कर बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड...

## बप्पी दा के गाने जिम्मी-जिम्मी के फैन थे माइकल जैक्सन

**मुंबई।** बप्पी लाहिड़ी भारतीय फिल्म संगीत का वो नाम है, जिसने डिस्को डांसर से लेकर तम्मा तम्मा और तूने मारी एंट्रियां तक जैसे कई लाजवाब गाने दिए। 11 साल की उम्र से ही धुन बनाना शुरू कर चुके बप्पी दा के जिम्मी-जिम्मी गाने के फैन तो खुद माइकल जैक्सन भी थे। बप्पी दा ने अपने सिर पर डिस्को किंग का ताज तो सजा ही रखा था लेकिन क्या आप जानते हैं साल 1986 में उन्होंने ऐसा कारनामा किया था, जिसने उनका नाम गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया।



### डिस्को के अलावा कई क्लासिकल गाने भी दिए

बप्पी दा के गानों की बात करें तो वैसे तो उन्हें डिस्को सॉन्ग के लिए जाना गया लेकिन बप्पी दा ने कई क्लासिकल गाने भी दिए। पग घुंघरू बांध गाने को ही देख लीजिए जिसमें बप्पी दा ने किशोर दा से 12 मिनट लंबा क्लासिकल गाना गंवाया, और आपको पता है किशोर दा इतना लंबा गाना सुनकर गुस्सा भी हो गए थे। बप्पी दा ने 'प्यार है बस यहीं' जैसे गानों से दिल के तार भी छुए थे। यह गाना साल 1986 में आई फिल्म शीशा का है। इस फिल्म में किशोर दा ने इस गाने के दो वर्जन गाए हैं, एक खुशी का है तो दूसरा आंखों में नमी लाने वाला है।

### एक साल में दिया सर्वाधिक फिल्मों में म्यूजिक

बप्पी दा को टैलेंट की खान कहा जाता था और यह यूं ही नहीं कहा जाता था। उन्हें म्यूजिक से कितना प्यार था और वो उसमें किस कदर डूबे हुए थे, इसकी मिसाल 1986 में देखने को मिली। जानते हैं आप इस साल बप्पी लाहिड़ी ने 10-20 नहीं बल्कि पूरी 33 फिल्मों में म्यूजिक दिया था। बप्पी लाहिड़ी ने इन फिल्मों के लिए 180 गाने कम्पोज किए थे। इतने गाने कम्पोज करते ही उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया।

# कलाकारों ने क्रिसमस के लिए बनाए सेलिब्रेशन प्लान्स..!

**मुंबई।** छुट्टियों का मौसम आ गया है, और ऐसे में खुशी और उमंग का त्यौहार क्रिसमस बस आने ही वाला है। हर साल 25 दिसंबर को धूमधाम से क्रिसमस मनाया जाता है। इस त्यौहार की अपनी सबसे प्यारी यादें ताजा करते हुए, निहारिका रॉय (प्यार का पहला नाम राधा मोहन की राधा), अदिति शर्मा (रब से है दुआ की दुआ), किशोरी शहाणे विज (कैसे मुझे तुम मिल गए की बबीता), शालिनी महल (कुंडली भाग्य की शनाया), निक्की शर्मा (प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति की शक्ति), अबरार काज़ी (कुमकुम भाग्य के राजवंश), रोहित सुचंती (भाग्य लक्ष्मी के ऋषि) और अविनेश रेखी (इक कुड़ी पंजाब दी के रांझा) जैसे टीवी कलाकारों ने इस साल क्रिसमस के लिए अपनी रोमांचक और मजेदार योजनाओं के बारे में खुलासा किया। निहारिका रॉय ने कहा, मेरे लिए क्रिसमस प्यार बांटने के बारे में है! यह केक और कुकीज़, मिठाइयों और गानों का मौसम है! इस त्यौहार से जुड़ीं मेरी बचपन की



बहुत अच्छी यादें हैं। 'रब से है दुआ' में दुआ के रोल में नजर आ रहीं अदिति शर्मा ने कहा, दिसंबर मेरा पसंदीदा महीना है और मैं क्रिसमस के कारण लगभग आधे साल इस महीने का इंतज़ार करती हूं। इस साल मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सीक्रेट सांता गेम खेलने की योजना बना रही हूं, फिर शाम को मैं अपने करीबी दोस्तों के साथ डिनर के लिए बाहर जाऊंगी।

## सालार ने पहले दिन की 95 करोड़ रुपए की रिकार्ड तोड़ ओपनिंग



**मुंबई।** 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई प्रभास स्टारर फिल्म सालार को दर्शकों से पहले दिन बहुत अच्छा रिस्पान्स मिला। सालार की पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सालार ने रिलीज के पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है। सालार ने पहले दिन 95 करोड़ की ओपनिंग की है, जवान की पहले दिन की कमाई 65.5 करोड़ रही थी। पठान ने पहले दिन 55 करोड़ का कलेक्शन किया था और एनिमल की पहले दिन की कमाई 54.75 करोड़ थी।

## डंकी ने दो दिन में किया 50 करोड़ का कलेक्शन, पहले दिन कमाए 29.2 करोड़



**मुंबई।** शाहरुख खान की डंकी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। डंकी में विक्की कौशल, तापसी पन्नू और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नॉन-हॉलिडे रिलीज होने के बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, पहले दिन 29.2 करोड़ रुपए की कमाई करने के बाद, राजकुमार हिरानी की फिल्म ने दूसरे दिन 20 करोड़ रुपए की कमाई की। कुल मिलाकर अभी फिल्म ने 49.20 करोड़ रुपए कमा लिए है।

## धीमी पड़ी एनिमल की कमाई, 20 दिन बाद कमाए मात्र 2.50 करोड़



**मुंबई।** रणबीर कपूर की एनिमल को 21 दिन बीत गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, एनिमल ने 21वें दिन को केवल 2.50 करोड़ की कमाई की है, जो कि अब तक की सबसे कम कमाई है। वहीं इसके बाद भारत में एनिमल का कलेक्शन 531.34 करोड़ हो पाया है। जबकि वर्ल्डवाइड 859 करोड़ पार हो एनिमल की कमाई हई है और इंडिया ग्रॉस 630.35 करोड़ पहुंच गया है। फिल्म में रणबीर के अलावा रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ विकास की रफ्तार हुई तेजः ओपी

**रायगढ़।** रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने भाजपा की जीत से डबल इंजन सरकार से विकास की गति को रफ्तार मिलने की जानकारी देते कहा चुनाव के दौरान प्रधान मंत्री मोदी दावा किया था कि भाजपा की सरकार बनते ही डबल इंजन सरकार से विकास को गति मिलेगी। भाजपा की विष्णु देव की सरकार ने शपथ लेते ही गरीबों का आवास एवं दो सालो का बकाया बोनस देने की गारंटी को पूरा किया। विधायक ओपी ने कहा डबल इंजन की सरकार का लाभ बताते हुए कहा छत्तीसगढ़ में विकास हेतु केंद्र ने छ्त्तीसगढ़ सरकार को 2485.79 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

### पीएम आवासः प्रगति देखने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति का जायजा लेने सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव फील्ड निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने पुसौर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया और यहां प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से भी चर्चा की। सीईओ श्री यादव ने पुसौर विकासखंड के बुनगा पंचायत का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पीएम आवास को लेकर पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि को ऐसे जो प्रारंभ नही हुए है। उन्हें अगले तीन दिनों में शुरू कराएं।

### कुएं में गिरा साम्हर, मौत वन अमला कर रहा कार्रवाई

**रायगढ़।** बीती रात एक वन्यप्राणी की कुंए में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद मामले की जानकारी मिलने पर विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बटाऊपाली बीट और मानिकपुर गांव के बीच कक्ष क्रमांक 888 आरएफ में एक साम्हर कुंए में गिर गया। जिसकी जानकारी सुबह गिलने के बाद विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की गई है। विभाग के अधिकारी ने बताया की रात की घटना थीए सुबह जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करते हुए मृत साम्हर को लेकर आगे की कार्रवाई की गई।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**रायगढ़।** लैलूंगा के हत्या एवं एट्रोसिटी एक्ट के मामले का फरार आरोपी देव प्रसाद राठिया निवासी गुनू लैलूंगा के लुक छिप कर गांव में आने जाने की जानकारी प्राप्त हुई। आरोपी देव प्रसाद राठिया पिछले साल अक्टूबर माह में अपने 3 दोस्त जलंधर यादव, राम राठिया और गोपाल यादव के साथ मिलकर गांव के युवक शेखर सिदार उम्र 26 साल को मारपीट के बाद शेखर के घर जाकर उसे सिरप के बहाने जहर पिलाकर उसकी हत्या कर दिया था। इस मामले का देव राठिया मुख्य आरोपी था। लैलूंगा पुलिस द्वारा मामले में चार आरोपियों पर हत्या का अपराध कायम कर तत्काल बाद आरोपी जलंधर यादवए राम राठिया को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। आरोपी गोपाल यादव दियागढ़ गोली कांड का भी आरोपी रहा है जिसे दोनों ही मामलों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

**घरघोड़ा।** डॉ. भंवर सिंह पोर्ते कला विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय घरघोड़ा शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का, जिला संगठक भोजराम पटेल के निर्देशन में ग्राम कठरापाली ग्राम पंचायत कोनपारा में आयोजित विशेष शिविर संपन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि तीरथ राम राठिया सरपंच, दिलीप साहू, गंगाधर साहू, ग्राम प्रमुख, राजकुमार बेहरा विशिष्ठ अतिथि, अरुण कुमार पंडा अध्यक्ष महाविद्यालय समिति, सुरेन्द्र चौधरी अध्यक्ष नगर पंचायत घरघोडा उपस्थित रहे।

### एनजीटी ने चिंता जाहिर कर जारी किया था दिशा निर्देश

# गांवों में कचरा प्रबंधन पर ध्यान नहीं सिस्टम का अभाव बना मुख्य वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरों के अलावा अब गांवों में भी कचरा प्रबंधन और सीवरेज सिस्टम के अंतर्गत नाली निर्माण व वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के निर्देश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने जारी किए थे। वहीं गांवों से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन नहीं होने को लेकर चिंता व्यक्त भी की गई थी। किंतु अब भी जिले के कई गांव है, जहां कचरा प्रबंधन को लेकर खासतौर पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इस संबंध में बता दें कि बीते 31 मार्च 2023 को एनजीटी ने सुनवाई के दौरान कहा था कि शहर के साथ ही साथ अब गांवों में भी कचरा प्रबंधन और सीवरेज सिस्टम के अंतर्गत नाली निर्माण और वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करना जरूरी हो चुका है। एनजीटी ने ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर तत्काल काम करने के निर्देश भी दिए हैं। एनजीटी ने गांवों में सीवरेज व कचरा प्रबंधन सिस्टम की कमी पर चिंता जताते हुए इस ओर काम करने की बात कही थी। कचरा प्रबंधन में घरेलू कचरा, ई.वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट सहित कंस्ट्रक्शन के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट शामिल हैं। बता दें कि गांवों में नइ कचरों के प्रबंधन को लेकर कोई खास उपाए नहीं




किए जाते, मुख्य रूप से प्लास्टिक व बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए साधन संसाधन का अभाव होना सबसे बड़ी चुनौती है। वहीं इसके लिए कोई विशेष सिस्टम भी नहीं है। जो कारगर साबित हो सके।

खास खबर

#### ई-वेस्ट पर भी काम नहीं

भवन निर्माण या अन्य निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले अपशिष्टों का भी बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने को लेकर एनजीटी ने निर्देशित किया था। साथ ही सरकार को अलग-अलग सेक्टर में अपशिष्टों की आंकड़ों सहित जानकारी प्रस्तुत करने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के 2 सितंबर 2014 के आदेश के अनुसार ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन व 22 फरवरी 2017 को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में उचित कार्यवाही के लिए दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।

#### हर महिने रिपोर्ट देने के थे निर्देश

एनजीटी ने इस संबंध में हुई सुनवाई के दौरान इस मामले राज्य सरकार को नियमों से अवगत कराया। साथ ही कचरा प्रबंधन करते हुए उचित कार्यवाही कर हर महीने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। एनटीजी के विशेष न्यायालय में सुनवाई के दौरान बायोमेडिकल, ई-वेस्ट का बेहतर प्रबंधन नहीं होने पर विभागों को फटकार भी लगाई थी। पर्यावरण संरक्षण मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में हर वर्ष 40 हजार टन से अधिक ई.वेस्ट निकल रहा है। ई-वेस्ट को लेकर राजधानी सहित अन्य जिलों में बेहतर प्रबंधन का अभाव दिखाई दे रहा है।

#### जज की अध्यक्षता समिति का गठन

एनटीजी ने सुनवाई में कहा था कि कचरा प्रबंधन की निगरानी के लिए जज की अध्यक्षता में समिति का गठन करना होगा। वहीं इसकी मानिटरिंग कलेक्टर को करनी होगी। जिलों से रिपोर्ट सरकार को भेजने के बाद यह एनजीटी के समक्ष यह रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। एनजीटी ने कहा है कि गांवों में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, ई-वेस्ट पर तत्काल प्रबंधन सुनिश्चित कराई जाए। यहां प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जानी है। नदी-नालों में मिलने वाले गंदे पानी को रोका जाना चाहिए।

#### नगर पंचायत में है उठाव की व्यवस्था

वर्तमान स्थिति में नगर पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था हैं, लेकिन अन्य गांवों में कचरा प्रबंधन के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि गांवों में सुख-सुविधाओं के उपकरणों में वृद्धि, आबादी बढ़ने से कचरा प्रबंधन की अनिवार्यता तेजी से बढ़ी है।

### अचानक बदला प्लेटफार्म

# हापा पोरबंदर के बजाय जनशताब्दी एनांउसमेंट, यात्री होते रहे परेशान

रायगढ़। शनिवार की दोपहर को हावड़ा पोरबंदर के आने से ठीक पहले पूछताछ केन्द्र से हापा पोरबंदर का एनांउसमेंट करने के बजाए रायगढ़ से गोंदिया जाने वाली जनशताब्दी का एलाउंसमेंट कर दिया। ऐसे में यात्री दुविधा में नजर आए, वहीं कुछ यात्री तो दोबारा ट्रेन की स्थिति जानने के लिए पूछताछ केन्द्र पहुंचे।

दोपहर करीब एक बजे जब हावड़ा से पोरबंदर जाने वाली गाड़ी कोतरलिया पार कर रही थी। इसी बीच रेलवे स्टेशन में एक एलांउसमैंट ने यात्रियों को दुविधा मे डाल दिया। इस दौरान हापा पोरबंदर का एलांउसमेंट करने के बजाए रायगढ़ से गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस का सूचना प्रसारित की गई। अहम बात यह रही कि इस दौरान पूछताछ केन्द्र में यात्री ट्रेन की स्थिति जानने के लिए ही खड़े हुए थे। वहीं इस प्रसारण के बाद यात्रियों ने असमंजस्य की स्थिति देखने को मिली। जानकारी के अनुसार यह एक कर्मचारी की लापरवाही के कारण हुआ, हालांकि जब इस बात का एहसास कर्मचारी को हुआ तो तत्काल पोरबंदर ट्रेन का एनांउसमेंट किया गया। बीते कुछ दिनों में लांग हॉल मालगाड़ियो की वजह से यात्रियों गाड़ियों को रेलवे स्टेशन से पहले ही रोका जा रहा है। वहीं इन मालगाड़ियों के प्लेट फार्म नंबर 1 में खड़े होने की वजह से कई बार डाउन दिशा की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों को प्लेट फार्म नंबर 2 व 3 में ठहराव दिया जाता है। वहीं गाड़ी के प्लेट फार्म बदलने की जानकारी ऐन वक्त पर प्रसारित की जाती है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शनिवार को ही अचानक गाड़ी का प्लेट फार्म बदलने की वजह से कई यात्री एफओबी से दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के बजाए रेलवे ट्रेक पार करते नजर आए। ट्रेन का अचानक प्लेट फार्म बदलने के बाद गाड़ी पकड़ने की जल्दबाजी में बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।



ट्रेन पकड़ने रेलवे ट्रेक पार करते दिखे यात्री

#### नहीं दिया जाता ध्यान

अहम बात यह है कि यह वाक्या कई बार होता है। हर दूसरे दिन मालगाड़ी वजह से यात्री गाड़ी के ठहराव को अचानक ही एक प्लेट फार्म से दूसरे में शिफ्ट किया जाता है। ऐसी स्थिति यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल देखा जाता है। कई बार इसी कारणवश यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। मुख्य रूप से दिव्यांग, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं को ऐसे में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय से किसानों में खुशी

**रायगढ़।** एक नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी में अब तेजी आने लगी हैं। जिले में किसान अब बड़ी संख्या में उपार्जन केन्द्रों में पहुंच कर धान विक्रय कर रहे है। जिले के 105 उपार्जन केंद्रो के माध्यम से अब तक 20 हजार 615 किसानों ने 1 लाख 23 हजार 61.60 मिट्रिक टन धान विक्रय कर लिया हैं।

- 3100 रुपए क्विंटल धान खरीदी एवं दो सालों का बोनस मिलने से किसानों उत्साह

जिले में 83 हजार 63 किसानों ने धान बेचने हेतु पंजीयन करवाया हैं। धान खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु टीम गठित की गई है। अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सतत निगरानी के साथ कार्यवाही की जा रही हैं। अब तक अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के 7 प्रकरण पर जप्ती की कार्यवाही की जा चुकी हैं। किसान गिरधारी लाल प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान एवं प्रति क्विंटल 3100 रुपये में खरीदी करने का निर्णय किसानों के हित में सराहनीय पहल है। साथ ही हमें इस बार दोहरा लाभ मिलेगा उनके द्वारा किए गए घोषणानुरूप हमें दो सालों का बोनस भी मिलेगा। जिससे हम जैसे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार



आएगा। किसान मेहत्तर ओंगरे ने बताया कि पहले सरकार हमसे प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान ही खरीदती थी। जिससे मंडी में बेचने के पश्चात जो धान बच जाता था उसे हमें उसे बाहर औने पौने दामों में बेचना पड़ता था और घाटा होता था। लेकिन आज सरकार द्वारा 21 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय से हम जैसे किसानों के लिए फायदेमंद है। महिला कृषक लक्ष्मीन साव ने कहा कि यहां मंडी में सभी प्रकार की सुविधाएं है, जिससे धान विक्रय में आसानी हो रही है। इस बार नयी सरकार के गठन से हमें बहुत खुशी है कि हमें दो सालों का बोनस भी इस बार मिलेगा। साथ ही 3100 रुपये क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल छाल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**कुड़ेकेला।** नावापारा एसईसीएल आवासीय परिसर में स्थित डीएवी स्कूल में बीते शाम छह बजे मां सरस्वती छाया चित्र पर फूल माला के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन उप क्षेत्रीय प्रबंधक सत्यकाम आनन्द स्कूल प्रचार्य व एसईसीएल जिला से आये अतिथि शिक्षकों के द्वारा किया गया। ततपश्चात सरस्वती वंदना वरदे वीणा वादनी के साथ सरस्वती गान व डीएवी राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। तदोपरांत स्कूल के नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथि व बच्चों के पैरेंट्स बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति देख मन्त्रमुग्ध हो गए।

- कार्यक्रम के दौरान अतिथि व बच्चों के पैरेंट्स मनमोहक प्रस्तुति देख मन्त्रमुग्ध हो गए

कार्यक्रम को आगे गति देते हुए लोक निर्त्य के साथ हिंदी उड़यिा बंगाली पंजाबी गुजराती सहित विभिन्न प्रान्तों के विभिन्न भाषाओं में यहाँ के अध्ययनरत एलकेजी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। वही बच्चों के द्वारा पिछले 10वी व12 बइेब एक्जाम में टॉप किये बच्चों को 5000 नगद राशि का प्रदान किया गया बेमइ 10 बोर्ड के बालक ने स्कूल के नाम रोशन करते हुए पिछले एक्जाम में 99 प्रतिशत



अंक अर्जित किया वहीं दर्जनों बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित कर स्कूल के नाम रोशन किये। खेल जगत में फुटबॉल कराते, बॉक्सिंग में जिला राज्य के साथ नेशनल स्तर तक स्कूल के बच्चे पहुँच स्कूल का नाम रोशन किए जिन्हें मेडल प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मनित किया गया। बतादें आज का यह वार्षिक उत्सव तीन वर्षों के बाद सम्पन्न हुआ जिसे लेकर स्कूल के सभी बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला जहाँ बच्चे पढ़ाई के डप्रेसन स्वच्छ भारत, जैसे थीम पर भी अपना अलग प्रस्तुति देकर समाज मे एक अलग सन्देश देने का काम किया।बीते वर्षो कोरोना महामारी के वजह से कार्यक्रम सफल नही हो सका था।

## अतिक्रमण के विरुद्ध जब्त फल बांटे गए वृद्ध आश्रम में

**रायगढ़।** निगम के अतिक्रमण निवारण दस्ता द्वारा शनिवार को डिग्री कालेज रोड पर कार्यवाही की गई। इस दौरान जब्त फल को वृद्धा आश्रम में बांटा गया। इससे वहां रहने वाले सभी वृद्धजन प्रसन्न हुए और निगम की कार्रवाई की प्रशंसा की। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सड़क बाधा करने वाले यातायात को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। निर्देश के तहत निगम के अतिक्रमण निवारण दस्ता द्वारा सड़क किनारे कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। आज अतिक्रमण निवारण दस्ता द्वारा डिग्री कालेज रोड पर कार्यवाही की गई। इस दौरान सड़क के किनारे अतिक्रमण कर फल दुकान लगाने वालों पर कार्यवाही की गई। सड़क के किनारे दुकान नहीं लगाने संबंधित बार बार समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर आज जब्ती की कार्रवाई की गई। यहां से 4 ट्रे फल जब्त किया गयाए जिसे पहाड़ मंदिर स्थित वृदा आश्रम में बंटवाया गया। वृदा जनों को फल मिलने पर वे बहुत प्रसन्न हुए।

## पंथी नृत्य का प्रथम पुरस्कार कोमल बहनों ने जीता

**सारंगढ़।** संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की जयंती महोत्सव के रूप में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बिलाईगढ़ क्षेत्र के बालिका पंथी पार्टी घाना के साधना, तनु, विरा, जिया, श्वेता, वर्षा, प्रिया और सोनिया कोमल की टीम ने प्रथम विजेता का पुरस्कार जीता। द्वितीय पुरस्कार सतनामी ग्रुप कन्या शाला सारंगढ़ और तृतीय पुरस्कार सतनाम पंथी पार्टी छिंद को मिला।




मंच संचालन शिक्षाविद प्रियंका गोस्वामी ने की। निर्णायक मंडल में जगन्नाथ केशवानी, मानिक लाल मेहर और संतराम धृतलहरे शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों पूर्व विधायक डॉ. छबिलाल रात्रे, केराबाई मनहर सहित शिवकुमारी चौहान, देवकुमारी लहरे, जीवराज प्रकाश रात्रे, नेहरूलाल बंजारे, कृष्णलाल अजगल्ले ने बाबा गुरू घासीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा किया।

## लापता युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साथियों के साथ उज्जैन जाने के बीच लापता हुए युवक का शव पुलिस ने जामगा ब्रिज के नीचे बरामद किया है। इस मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है। वहीं शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौप दिया गया है। गौरतलब है कि 16 दिसंबर को अविनाश प्रसाद पिता गोपाल प्रसाद उम्र 32 वर्ष निवासी टाटानगर जुगसलाई, जयंत, सूरज, विशाल चारों साथी उज्जैन जाने के लिए निकले थे। रात में टाटानगर से शालीमार भुज सुपर फास्ट 22830 में सवार हुए। एक साथ बर्थ नहीं मिलने के कारण अलग अलग सीट पर थे। अविनाश ट्रेन के एसी कोच में सफर कर रहा था। रात में सभी एक साथ सवार हुए फिर सो गए। सुबह करीब साढ़े 6 बजे साथी उसके पास पहुंचे। तब युवक सीट पर नही था और उसका मोबाइल सीट के नीचे पड़ा मिला। आसपास में बैठे यात्रियों पूछताछ किया गया ।




# अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने प्रगति परियोजना का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज एएनआर द्वारा कोयला खदानों में एक वैधानिक पद माइनिंग सरदार दक्षता प्रमाण पत्र की परीक्षा की निःशुल्क तैयारी के लिए प्रगति परियोजना का शुभारंभ बुधवार को किया गया। जिले के तमनार विकासखंड में स्थित गारे पेल्मा कोलियरी लिमिटेड जीपी सीएल परिसर के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में इस कार्यक्रम का उद्घाटन 20 दिसंबर को चीफ ऑफ क्लस्टर मुकेश कुमार द्वारा किया गया।

- माइनिंग सरदार दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए शुरू हुई योजना

इस मौके पर रांची के प्रसिद्ध प्रशिक्षक बिजय किशोर, महाप्रबंधक तकनीकी प्रशिक्षण रवि रेमी, क्लस्टर एचआर हेड केके दुबे सहित अन्य विभागों के प्रमुख मौजूद थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक वैधानिक नियोक्ता के रूप में परियोजना प्रभावित ग्रामों के सक्षम युवाओं को कोयला खनन उद्योग से



जोड़ने के लिए आवश्यक व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उनमें कार्यकुशलता तथा जिम्मेदारी के स्तर को बढ़ाना है। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में खदान में कार्यरत ग्राम मिलूपारा, खमरिया, करवही, बजरमुड़ा और ढोलनारा गांव के कुल 28 पात्र उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। जिन्हें इस दौरान कुशल नेतृत्व में जिम्मेदारी पूर्वक तैयारी कराई जाएगी। अपने शुभेच्छा सन्देश में क्लस्टर प्रमुख मुकेश कुमार ने कहा किए जीपी सीएल द्वारा अपने परियोजना प्रभावित गांव में समावेशी विकासात्मक प्रक्रियाओं को चलाया जा रहा है। डीजीएमएस द्वारा कोयला खदानों में एक वैधानिक पद के लिए आयोजित माइनिंग सरदार प्रमाण पत्र की दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए आज हमने प्रगति नाम से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है जिससे इस खदान में कार्यरत कर्मचारियों को परीक्षा की बारीकियों को समझाया जायेगा। वहीं नए सक्षम उम्मीदवारों को भी इस परीक्षा को पास करके कई खदानों में वैधानिक पदों पर नियुक्ति मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक व फैसिलिटेटर बिजय किशोर ने प्रशिक्षण पद्धति तथा अन्य दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया किए खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस, धनबाद द्वारा कोयला खदानों में माइनिंग सरदार पद के लिए हर साल दिसम्बर माह में दक्षता प्रमाण पत्र की परीक्षा आयोजित की जाती है।

## महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित कर एनटीपीसी ने बनाया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

एनटीपीसी तलईपल्ली ने 22 दिसंबर को परियोजना प्रभावित गांवों की महिलाओं के लिए सफल सिलाई प्रशिक्षण सत्रों को आयोजित करने के पश्चात सिलाई मशीन वितरण अभियान का आयोजन किया।

स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करने और स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने के लिएए एनटीपीसी तलाईपल्ली ने सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने वाली प्रतिभागियों को कुल 43 इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीनें वितरित कीं। श्रीमती रिशा ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी, घरघोड़ा और विजय कुमार कानूनगो परियोजना प्रमुख एनटीपीसी तलईपल्ली इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। अन्य उल्लेखनीय अतिथियों में बीएल स्वामी, विभागाध्यक्ष एलएआर शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती ठाकुर ने अपने उन दिनों को याद किया जब वह आजीविका कमाने और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में एक अधिकारी बनने के अपने प्रयासों में स्वसहायता करने हेतु छात्रों को ट्यूशन पढ़ाती थीं। श्रीमती ठाकुर ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी और उनके आगे की स्वतंत्र यात्रा की कामना की।

